St. LAWRENCE HIGH SCHOOL

A JESUIT CHRISTIAN MINORITY INSTITUTION
27, BALLYGUNGE CIRCULAR ROAD,
KOLKATA – 700 019

Hindi Grammar (2nd term) **Class**: 4 **Date**:17.06.2020

Topic – मुहावरे और अनुच्छेद लेखन **Answer worksheet -22**

निम्न मुहावरों के अर्थ लिखो :-

1) नाक में दम करना - परेशान करना

2) हाथ बँटाना - सहायता करना

3) अगर - मगर करना - टाल - मटोल करना

4) उँगली पर नचाना - वश में करना

5) ढोल पीटना - बहुत प्रचार करना

निम्न मुहावरों से वाक्य बनाओ :-

6) तिल का ताड़ बनाना - मोहन छोटी सी बात को तिल का ताड़ बना देता है |

7) उल्लू बनाना - लोग सीधे लोगों को उल्लू बनाते हैं |

8) थाली का बैंगन होना - वह तो थाली का बैंगन है , जहाँ लाभ होगा , वहीं जायेगा |

9) ख़ाक छानना - मुंबई में फिल्मों में काम करने के लिए लोग खाक छानते रहते हैं |

10) आकाश - पाताल एक करना - अच्छे स्कूल में बच्चे के दाखिला के लिए माता - पिता आकाश - पाताल एक करते हैं |

अनुच्छेद लेखन

"हमारे जीवन में पेड़ों का महत्व" विषय पर लेख लिखो (१० से १५ वाक्यों में)

प्रकृति हमें बहुत कुछ देती है | जिस तरह पहाड़ , नदी , झरने , जंगल इस धरती को सुंदर बनाते हैं , उसी प्रकार पेड़ - पौधे भी धरती को हरा - भरा बनाते है |

पेड़ हमारे जीवन का आधार है | ये हमें निस्वार्थ भाव से बहुत कुछ देते हैं |पेड़ से हमें फल , फूल , रबर आदि अनेक उपयोगी चीज़ें मिलती हैं |पेड़ वर्षा का कारण बनते हैं | ये बाढ़ को रोकने में भी हमारी मदद करते हैं | पेड़ हमें ऑक्सीजन देते हैं | कितने पक्षी पेड़ों पर अपने घोंसले बनाते हैं | पेड़ों की लकड़ी से फर्नीचर बनते हैं | पेड़ रास्ते में चलने वालों को छाया देते हैं |

हमें पेड़ों को काटना नहीं चाहिए , बल्कि अधिक पेड़ लगाने चाहिए |पेड़ हमारे लिए बहुत उपयोगी हैं |

(यह अनुच्छेद लेखन का नमूना है | इसी तरह किसी भी विषय पर अनुच्छेद - लेखन दिया जा सकता है |)

Poonam Mehra